रिलायंस लाइफ की नई प्रीमियम आय 40 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली | निजी क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस ने गुरुवार को कहा कि 31 मार्च, 2014 को समाप्त हुए वित्त वर्ष में कंपनी की नयी कारोबारी प्रीमियम आय 40 प्रतिशत बढ़कर 1,934 करोड़ रुपए पहुंच गई। कंपनी की विज्ञप्ति के मुताबिक वैयक्तिक बीमा खंड में उल्लेखनीय वृद्धि के बल पर कंपनी की नयी प्रीमियम आय में यह बढ़ोतरी हुई। इससे पिछले वित्त वर्ष में कंपनी की नयी प्रीमियम आय 1,377 करोड़ रुपए थी।इरडा के मुताबिक बीते वित्त वर्ष में संपूर्ण जीवन बीमा उद्योग की नई प्रीमियम आय 11.6 प्रतिशत बढ़कर 1.20 लाख करोड़ रुपए रही जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 1.07 लाख करोड़ रुपए थी।